# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–08.04.2024 (संध्या 1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **राज्यभर में कई जिलों में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली, धनबाद में दिव्यांग और हजारीबाग में महिलाओं ने मतदाताओं को वोट डालने के लिए किया जागरूक।**
2. **भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में किया चुनाव प्रचार, कहा–देश के हर जनजातीय परिवार का जीवन बेहतर बनाना है लक्ष्य।**
3. **प्रदेश भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने खूंटी में कार्यकर्ताओं का बढ़ाया उत्साह, झामुमो ने भाजपा चुनाव प्रभारी के बयान पर दर्ज की कड़ी निंदा, कहा–जनता चुनाव में देगी जवाब।**
4. **चतरा में 10 करोड़ के अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, ब्राउन शुगर बनाने वाली मिनी फैक्ट्री जब्त।**

**और**

5. **आईपीएल क्रिकेट में आज चेन्नई सुपरकिंग्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से, शाम साढ़े सात बजे।**

**और अब समाचार विस्तार से**

******************

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढाने और लोकतंत्र को विजयी बनाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में राज्यभर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज राज्य के कई जिलों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। **धनबाद** में पीडब्ल्यूडी आईकॉन प्रमोद कुमार यादव ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। दिव्यांगों की इस रैली को नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता रैली में पीडब्लूडी वोटर ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, ट्राई मोटरसाइकिल आदि के साथ सम्मिलित हुए। पीडब्ल्यूडी आईकॉन प्रमोद कुमार यादव ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को बिना किसी डर और लालच के मतदान केंद्रों पर जाकर अपना मतदान करें। उधर **हजारीबाग** के विष्णुगढ़ प्रखंड में लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं की सहभागिता तथा जागरूकता बढाने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया। महिलाओं ने शपथ लिया कि बिना किसी लालच के मतदान करेंगे। साथ ही घर परिवार और मोहल्ले के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। खूंटी में बीएलओ और सखी मंडल की दीदीओं ने मनाव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

इधर **जामताड़ा** में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान में युवा वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर आज जामताड़ा महाविद्यालय में करियर मोटिवेशन एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**दुमका** लोकसभा सुरक्षित निर्वाचन क्षेत्र में इस बार 90 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। खास कर युवा और उनमें से भी 18 साल के मतदाताओं पर चुनाव आयोग का विशेष ध्यान है।

******************

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पाटी के वरिष्ठं नेता नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश के हर जनजातीय परिवार का जीवन बेहतर बनाना ही मोदी की गारंटी है। आज छत्तीसगढ़ के बस्तर

संभाग के आमाबाल गांव में एक जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों का सपना ही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य देश को विकसित और हर परिवार को समृद्ध बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा पिछले दस वर्ष में केन्द्र की भाजपा सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। केन्द्र सरकार ने गरीबों को उनका हक दिया है और छत्तीसगढ का बस्तर क्षेत्र इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्ष में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं। उन्होंने कहा कि मुफ्त राशन और आयुष्मान जैसी योजनाओं के कारण लोगों का खर्च कम हुआ है और उससे उनकी बचत बढी है। श्री मोदी ने कांग्रेस सरकार के शासन के समय भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस को गरीबों के बारे में कोई चिंता नहीं थी।

******************

दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में इस बार 90 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

**साउंड बाईट – आर. के. नीरद, दुमका – 48 सेकेंड**

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार **एक्स** हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news **अंडर स्कोर**_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

खूंटी के भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कार्यकर्ताओं से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्वकाल में परिवारवाद नहीं होगा। किसी सांसद की पत्नी, बहन और बेटी को टिकट नहीं मिलेगा बल्कि भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कार्यकर्त्ताओं से कहा कि वे इस बात का ध्यान दें कि चुनाव में प्रत्येक बूथ में मोदी का नाम होगा मोदी के नाम पर ही झारखण्ड के सभी चौदह सीटों में मतदान होगा और निश्चित रूप से देश मे 400 पार सीटों में झारखण्ड के सभी 14 सीट भी शामिल होंगे। लोकसभा प्रभारी लक्ष्मीकांत ने राजनीतिक दल का नाम लिए बगैर कहा कि हाथ हिलाने वाले हाथ हिलाते रह जाएंगे और भाजपा 400 पार का आंकड़ा छू लेगी। इधर इंडिया गठबंधन में शामिल झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने आज रांची में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। श्री भट्टाचार्य ने भाजपा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी के सराइकेला में दिए एक बयान पर कड़ी निंदा व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा को इस अमर्यादित बयान के लिए जनता से माफ़ी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा को जनता आगामी लोकसभा चुनाव मे इसका माकूल जवाब देगी।

******************

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के सचिव पद पर पदास्थापित प्रवीण कुमार टोप्पो अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। श्री टोप्पो उद्योग विभाग के सचिव पद पर भी अतिरिक्त प्रभार में हैं।

******************

कांग्रेस से बडकागांव की विधायक अंबा प्रसाद आज रांची के हिनू स्थित प्रवर्तन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दिए गए समन के आधार पर जांच में सहयोग के लिए अंबा प्रसाद क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के जांच में वह पूरी तरह से सहयोग करेंगी। अंबा प्रसाद ने कहा कि उन्होंने किसी का कुछ नहीं बिगड़ा है, इसलिए प्रवर्तन निदेशालय की जांच और पूछताछ से उन्हें किसी प्रकार का डर नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष होनी चाहिए। एक सवाल के जवाब में प्रसाद ने कहा कि निश्चित रूप से प्रवर्तन निदेशालय की यदि पूछताछ की प्रक्रिया नहीं होती तो वह लोकसभा चुनाव लड़ती।

******************

चतरा में पुलिस ने आज अफीम के खरीद फरोख्त करने वाले तस्करों के खिलाफ कार्यवाई करते हुए दस करोड़ बीस लाख रुपये के अफीम की खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय ने आज संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ईटखोरी थाना क्षेत्र के महुदा गांव से अवैध ब्राउन सुगर बनाने वाली फैक्ट्री के साथ पंकज कुमार दांगी और धीरेंद्र दांगी नाम के दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दो सौ चार किलो से अधिक गीला अफीम, ब्राउन सुगर बनाने में प्रयुक्त मशीन समेत कई अन्य सामान बरामद किए।

******************

गिरिडीह जिले की निमियाघाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने चपरखो गांव में वर्षो से फरार एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। डुमरी के एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में वर्षों से फरार चल रहे सीपीआई माओवादी नक्सली धनी राम मांझी को गिरफ्तार किया गया है। उसपर निमियाघाट थाना क्षेत्र में दो मामले दर्ज हैं।

******************

आईपीएल क्रिकेट में आज चेन्नई सुपरकिंग्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। मैच आज शाम साढ़े सात बजे चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा।

कल लखनऊ सुपर जाइंट्स ने लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई एकना क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस को 33 रन से पराजित किया।

*******समाप्त*******